**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**07.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:30बजे**

## भारत–ऑपरेशन सिंदूर

भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में मध्य रात्रि को आतंकी ढांचों पर प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की। जिन ठिकानों पर सशस्त्र बलों ने हमला किया है, उन्हीं ठिकानों से भारत के विरूद्ध आतंकी हमलों के निर्देश दिए गए और योजना बनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की रातभर लगातार निगरानी की। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने बताया कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य केन्द्र को निशाना नहीं बनाया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये कार्रवाई क्रूर पहलगाम आतंकी हमले के परिदृश्य में की गई है। इस आतंकी हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक मारे गए थे। इस बीच भारतीय सेना इस आपरेशन सिंदूर को लेकर अब से कुछ देर बाद नई दिल्ली में प्रेस वार्ता करेगी।

## हवाई अड्डे बंद

पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में भारतीय सशस्त्र बलों के हवाई हमलों के बाद देश के उत्तरी भाग में कई हवाई अड्डों को वाणिज्यिक संचालन के लिए बंद कर दिया गया है। इनमें धर्मशाला, लेह, जम्मू, श्रीनगर और अमृतसर में हवाई अड्डे भी शामिल हैं।

## गृह मंत्रालय–नागरिक सुरक्षा

गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए आज मॉकड्रिल होगी। देश के 2 सौ 44 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास किया जाएगा। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की संचालनगत प्रभावकारिता और समन्वय क्षमता का आकलन और परीक्षण करना है। हिमाचल में शिमला शहर को इस मॉकड्रिल के लिए चुना गया हैं, जहां शाम 4 बजे इस मॉकड्रिल का आयोजन होगा। जबकि शहर में ब्लैक आउट का अभ्यास शाम 7 बजकर 20 मिनट से 7 बजकर 30 मिनट तक किया जाएगा।

अधिक ब्यौरो के साथ शिमला जिला संवाददाता–

## गृह मंत्रालय–नागरिक सुरक्षा–2

वहीं अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने कहा कि मॉकड्रिल के दौरान लोगों को युद्ध जैसी स्थिति में बचाव के तरीके बताए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से प्रदेश के सभी 12 ज़िलों में मॉकड्रिल आयोजित करवाने का आग्रह किया है, क्योंकि राज्य के कई ज़िले संवेदनशील हैं।

इस बीच राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने प्रदेशवासियों खासकर शिमला ज़िला के लोगों से इस मॉकड्रिल में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है।

इधर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आज होने वाली मॉकड्रिल के लिए सरकार की ओर से आम जनता के लिए दिशा–निर्देश जारी कर उनका पालन करने को कहा है।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से**

आज सभी समाचार पत्रों ने मंत्रिमंडल की बैठक से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–**हजार से कम किराए वाले होम स्टे पर जीएसटी नहीं, दूसरों के घर काम करने वाली महिलाओं को 1500 रूपये।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–**होम स्टे को राहत, गेहूं–मक्की पर एमएसपी बढ़ाया।** दैनिक भास्कर ने लिखा है–**होम स्टे में एक हजार रूपये से कम किराए वाले कमरे पर जीएसटी नहीं।** पंजाब केसरी, दैनिक जागरण, हिमाचल दस्तक और दैनिक सवेरा टाइम्स की एक जैसी सुर्खी है–**घरेलू कामकाजी महिलाओं को 1500 रूपये प्रतिमाह देगी सरकार।**